असम के महामहिम माननीय राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया जी का भाषण

(चौथी एशियाई खो खो चैंपियनशिप 2023 का समापन समारोह

23 मार्च 2023, तामुलपुर)

सबसे पहले, मैं सभी खिलाड़ियों, आयोजकों और विशेष रूप से तामुलपुर के लोगों को **चौथी एशियाई खो खो चैंपियनशिप 2023** के सफल संचालन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

मैं इस अवसर पर **श्री बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मजी** को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने बोडो लोगों को आत्मनिर्णय और प्रगति के एक नए युग की ओर प्रेरित किया।

मित्रों,

हमारी भारतीय परम्परा में स्वास्थ्य को सर्वोपरि माना गया है। हिंदी में एक पुरानी कहावत है –पहला सुख, निरोगी काया।अगर " हम स्वस्थ नहीं हैं, तो ऐसी स्थिति में हम जीवन का आनन्द नहीं उठा सकते। काया को निरोगी बनाए रखना है तो कुछ त्याग, थोड़ी केयर" हमें अपने स्वास्थ्य की करनी ही पड़ेगी।" जिसमें खेलों की अहम भूमिका है।

मित्रो,

तामुलपुर में पिछले चार दिनों से एशिएन खो खो चैम्पियनशिप चल रही है। जिसमें लगभग 13 एशियाई देशों ने भाग लिया।

बोड़ोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) के एक ग्रामीण क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का आयोजन होना हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है।

मुझे विश्वास है कि यह चैम्पियनशिप इस क्षेत्र के लोगों में शांति, सदभाव और एकता के सूत्र को और अधिक मजबूत करने में भी सहायक होगी।

ऐतिहासिक **बीटीआर शांति समझौता 2020** के बाद बोडोलैंड में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिसका परिणाम आज हम हकीकत में देख रहे हैं।

बीटीआर में स्थायी शांति का मार्ग क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजन का हिस्सा है। माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी की उपस्थिति में हुआ शांति समझौता, बोडोलैंड के लोगों की आगे की यात्रा का एक सकारात्मक और प्रभावी साधन बन गया है।

भारत सरकार देश में जन जातीय कल्याण पर अपने समग्र जोर के अनुसार बोडोलैंड क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मैं असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा जी, बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र के माननीय प्रमुख श्री प्रमोद बोरो जी के प्रयासों की प्रशंसा करता हूं, जिन्होंने बीटीआर शांति समझौते के कई महत्वपूर्ण हिस्सों के क्रियान्वयन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दिखाई है।

राज्य सरकार और बीटीआर सरकार के बीच यह प्रतिबद्धता और समन्वित कार्रवाई का ही परिणाम है कि हम इस क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और समग्र परिदृश्य में इस तरह के बड़े परिवर्तन के साक्षी बने हैं।

मुझे विश्वास है कि शांति और विकास की यह यात्रा बीटीआर क्षेत्र को भारत के उत्तरपूर्वी क्षेत्र के सबसे विकसित हिस्सों में से एक बनाएगी।

आज, इस टूर्नामेंट में एक साथ आनेवाले देशों के संगम को देखकर मैं वास्तव में उत्साहित और खुश हूं।

यहां प्रतिनिधित्व करने वाले सभी एशियाई देशों के साथ हमारे साझा सांस्कृतिक मूल्यों का एक स्थायी इतिहास है और इसलिए यह टूर्नामेंट भाईचारे और सौहार्द की सामूहिक भावना को दर्शाता है।

बेहतर आपसी सहयोग के लिए तथा बेहतर संबंध बनाने के साधन के रूप में खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण है – खासकर ऐसे समय में जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा वितरण, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार जैसी आम चुनौतियों से जुड़ी हुई है।

खेलों पर बहुत अधिक ध्यान देने के लिए मैं श्री प्रमोद बोरो के नेतृत्ववाली बीटीआर सरकार को बधाई देना चाहता हूं।

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि हाल ही में बीटीआर में आईएसपीएल फुटबॉल लीग 2022, नेशनल संतोष ट्रॉफी क्वालीफाइंग मैच जैसे कई सफल इवेंट आयोजित किए गए।

मित्रो,

भारत ने हमेशा दुनिया को दिशा दी है। भारत को हर तकनीक के साथ खेल में भी जगतगुरु बनना है। माननीय प्रधानमंत्री कहते हैं कि **खेलोगे तो खिलोगे।** इसलिए हमारे देश के खिलाड़ियों को इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट करना सराहनीय कदम हैं।

मुझे उम्मीद है कि बीटीआर के युवा इस माहौल में खेलों में नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित होंगे।

आज के समापन समारोह में, आयोजन समिति के सदस्यों – विशेष रूप से खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया, असम खो खो फेडरेशन और तामुलपुर प्रशासन द्वारा की गई कड़ी मेहनत की सराहना करना चाहता हूं। इस टूर्नामेंट के लिए इतने कम समय में इस तरह की विश्व स्तरीय सुविधा का प्रबंधन देखना वास्तव में प्रशंसनीय है।

मैं यहां भाग लेने के लिए अपने-अपने देशों से आए सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं। आपकी भागीदारी अपने आप में **खो खो की जीत** और **स्पोर्ट मैन स्पिरिट** की बड़ी जीत है।

मुझे यह भी उम्मीद है कि इस टूर्नामेंट की सफलता के बाद खो खो दुनियाभर में अपनी पहुंच और बढ़ाएगा । और मैं कामना करता हूं

कि भविष्य में खो-खो को ओलंपिक खेल के रूप में शामिल किया जाए।

अंत में, मैं एक बार फिर सभी को बधाई देते हुए चौथी एशियाई खो खो चैम्पियनशिप 2023 के समापन की घोषणा करता हूं। **जय हिन्द।**